## खबर संक्षेप

### पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक-1 छिंदवाड़ा में बालवाटिका-3 एवं दोनों पालियों की कक्षा पहली के विद्यार्थियों का प्रवेश उत्सव बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य श्री हरि प्रसाद धारकर, प्रधान पाठक श्री एस.के. साहू तथा प्रभारी प्राथमिक विभाग श्रीमती सोनू आशीष वर्मा सहित अभिभावक और नन्हे-मुन्ने बच्चे उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इस अवसर पर प्राथमिक विभाग के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रधान पाठक एस.के. साहू ने स्वागत भाषण दिया, जबकि केन्द्रीय विद्यालय की विस्तृत जानकारी श्रीमती अर्चना आर्या द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में श्रीमती विजयता देशमुख ने परीक्षा संबंधी जानकारी दी, वहीं श्रीमती अंजू कुमरे ने शुल्क भुगतान से जुड़ी जानकारी साझा की। सुश्री मंजू कुशवाहा ने छात्र-छात्राओं द्वारा किए जाने वाले कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

### छिंदवाड़ा में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज

**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण की शुरुआत के साथ ही तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में आज छिंदवाड़ा के शासकीय पीजी कॉलेज में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के सेकंड बैच के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण सत्र के पहले दिन 15 कर्मी अनुपस्थित रहे, जिनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम नगर जनगणना अधिकारी श्री कमलेश निर्गुंडकर के मार्गदर्शन में, जिला जनगणना प्रभारी श्री अनुज सोलंकी एवं फील्ड ट्रेनर्स द्वारा संचालित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को घर-घर जाकर मकान सूचीकरण की प्रक्रिया, भवन, परिवार एवं जनगणना मकान की परिभाषाएं, साथ ही जनगणना अधिनियम एवं नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई।

### अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, थाना परिसर से चोरी बनी बड़ी जांच का आधार

# कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्रवाईः अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश, 19 मोटरसाइकिलें बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा जिले की कोतवाली पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम ने सुनियोजित कार्रवाई करते हुए गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 19 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 12 लाख रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई से जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

मामले की शुरुआत 11 अप्रैल 2026 को हुई, जब संतकुमार पाल नामक व्यक्ति ने कोतवाली थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि 7 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल थाना परिसर की पार्किंग में खड़ी की थी, जो बाद में वहां से गायब हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

चूंकि घटना थाना परिसर से जुड़ी थी, इसलिए इसे गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय ने तत्काल जिले के सभी थाना प्रभारियों को सतर्क करते हुए अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा और थाना प्रभारी आशीष कुमार धुर्वे के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच की। जांच के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान सामने आई, जिसे विभिन्न थाना क्षेत्रों और व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से सत्यापित किया गया। यह संदिग्ध महाराष्ट्र के अमरावती जिले के मोर्शी थाना क्षेत्र के सालबर्डी गांव निवासी शेख नसीम निकला, जो पहले भी चोरी के मामलों में जेल जा चुका था।

पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए शेख नसीम और उसके साथियों संदेश धुर्वे तथा आकाश झोड को महाराष्ट्र के वरुड क्षेत्र से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पहले तो आरोपियों ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने कई चौंकाने वाले खुलासे किए। आरोपियों ने बताया कि वे तीनों मिलकर मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के विभिन्न जिलों—बैतूल, छिंदवाड़ा, अमरावती, नागपुर और वर्धा—में मोटरसाइकिल चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे।

गिरोह की कार्यप्रणाली बेहद चालाकी भरी थी। आरोपी चोरी की मोटरसाइकिलों की नंबर प्लेट बदल देते थे और पुरानी प्लेट को नदी में फेंक देते थे, जिससे पहचान करना मुश्किल हो जाता था। इसके अलावा, वे वाहनों के पार्ट्स बेचकर भी अवैध कमाई करते थे। आरोपियों ने कुल 19 मोटरसाइकिल चोरी करने की बात स्वीकार की, जिनमें से कुछ वाहन उन्होंने अन्य लोगों को बेच भी दिए थे।

पुलिस टीम ने आरोपियों की निशानदेही पर विभिन्न स्थानों से सभी 19 मोटरसाइकिलें बरामद कर ली हैं। गिरफ्तार आरोपियों में शेख नसीम (45 वर्ष), संदेश धुर्वे (30 वर्ष), आकाश झोड (31 वर्ष) और विजय आहाके (27 वर्ष) शामिल हैं। इन पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।इस सफल कार्रवाई में कोतवाली थाना प्रभारी सहित पुलिस टीम के कई अधिकारियों और जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने टीम के उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

## उमरेठ पुलिस की कार्रवाईः चोरी का पर्दाफाश, जेवरात और नगदी बरामद



**छिंदवाड़ा।** उमरेठ थाना क्षेत्र में एक चोरी की वारदात का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला 3 अप्रैल 2026 को सामने आया, जब शांति कॉलोनी निवासी 62 वर्षीय कमला बाई ने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि 22 मार्च को वह अपने घर में ताला लगाकर खाटूश्याम और वृंदावन तीर्थ यात्रा पर गई थीं। वापस लौटने पर घर का ताला टूटा नहीं था, लेकिन छत के कवेलू हटे हुए मिले और अंदर का सामान अस्त-व्यस्त था।

### घर में घुसकर आलमारी-पेटी खंगाली

जब कमला बाई ने अंदर जाकर जांच की, तो पाया कि आलमारी और पेटी खुली पड़ी थी और उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात व नगदी गायब थे। चोरी गए सामान में सोने के कंगन, चैन, बाले, मंगलसूत्र और अन्य आभूषण शामिल थे, जिनकी कुल कीमत लगभग 70 हजार रुपये आंकी गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

### विशेष टीम गठित, मुखबिर से मिला सुराग

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस परासिया जितेंद्र सिंह जाट के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी विजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस ने तकनीकी और मुखबिर तंत्र का सहारा लेते हुए संदिग्धों की तलाश शुरू की।चार नाबालिगों ने कबूला जुर्मजांच के दौरान पुलिस ने चार नाबालिग लड़कों को संदेह के आधार पर अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में उन्होंने चोरी की पूरी वारदात स्वीकार कर ली। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने घर की छत के कवेलू हटाकर अंदर प्रवेश किया और आलमारी व पेटी में रखे जेवरात और नगदी चोरी कर ली। चोरी के बाद उन्होंने नगदी आपस में बांट ली और जेवरात को बेचने की योजना बनाई।

### बरामद हुई नगदी और जेवरात

पुलिस ने नाबालिग आरोपियों से कुल 9,820 रुपये नगद बरामद किए। साथ ही, चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवरात का बड़ा हिस्सा भी जब्त किया गया। पूछताछ में यह भी सामने आया कि कुछ जेवरात सीमांत चौरसिया नामक व्यक्ति को बेचने के लिए दिए गए थे। मुख्य आरोपी भी गिरफ्तारपुलिस ने 18 अप्रैल 2026 को सीमांत चौरसिया (23 वर्ष) को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। उसके कब्जे से शेष जेवरात बरामद कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### बाल आरोपियों को भेजा गया सुधार गृह

चारों नाबालिग आरोपियों को किशोर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें नरसिंहपुर स्थित बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। **पुलिस टीम को मिलेगा पुरस्कार :** इस पूरे मामले के सफल खुलासे में उमरेठ थाना पुलिस और साइबर सेल की अहम भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा ने टीम के उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है।

### जरूरतमंद को कराया भोजन, बांटे कपड़े

**दमुआ।** लायंस सेवा समिति दमुआ द्वारा प्रति सप्ताह मंगलवार को निर्धन जरूरतमंद के जन कल्याण की सेवा के लिए भोजन नये वस्त्र बच्चो के कपडे जैसे कार्यक्रम का आयोजन गरीब भोज परिसर कॉलरी आफिस के पास बेरियर दमुआ में गरीब भोज का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो से आये निर्धन जरूरतमंद एवं गरीब परिवार के सदस्यो को नये वस्त्र साडी बच्चो को कपडे भोजन वितरण किया जाता हैं अतः जिन भी नागरिकों के परिवार में किसी भी सदस्य का जन्मदिन या शादी की वर्षगांठ या फिर पुण्यतिथि स्मृति में गरीब भोज परिसर में गरीबो की सेवा के लिए अपनी सेवा सहयोग अवसर प्रदान कर सकते है इन कार्यक्रमो आयोजनो के लिए लायंस सेवा समिति दमुआ से सम्पर्क कर सकते है।

### होम्योपैथी आम जनता के लिए अत्यंत लाभकारी : सांसद

**छिंदवाड़ा।** विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर होम्योपैथिक वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा फैमिली गेट टूगेदर तथा वरिष्ठ चिकित्सकों के सम्मान में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बंटी विवेक साहू ने होम्योपैथी चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान व कार्य करने पर चिकित्सकों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने होम्योपैथी को एक सरल, सस्ता और सुलभ उपचार बताते हुए कहा कि यह आम जनता के लिए बहुत ही लाभकारी है और बड़ी-बड़ी बीमारियों में होम्योपैथी की नई रिसर्च नए अनुसंधान बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में जिले के सभी प्रमुख होम्योपैथिक चिकित्सक तथा उनका परिवार प्रमुख रूप से मौजूद था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में महापौर विक्रम अहके, मंडल अध्यक्ष नवीन बारस्कर, डॉ. दिलीप खरे उपस्थित थे। संगठन की अध्यक्ष डॉ. सपना साहू ने बताया कि सभी वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान सांसद बंटी विवेक साहू द्वारा किया गया। जिन चिकित्सकों का सम्मान किया गया उनमें डॉ. उमेश कड़वे, डॉ. तिजारे, डॉ. अनुपम जैन, डॉ. समीर तिवारी, डॉ. दीपक पवार, डॉ. गरिमा असाटी, डॉ. आभा जैन, डॉ. मनीष मिश्रा, डॉ. सोना नाग, डॉ. स्वाति सोनी, डॉ. प्रणय सोनी, डॉ. शैलेन्द्र खांडेकर, डॉ. कविता मसराम आदि को होम्योपैथी में उत्कृष्ट कार्य हेतु अवार्ड दिया गया।

## जूनियर बैडमिंटन स्पर्धा संपन्नः खिलाड़ियों को मिले पुरस्कार, जान्हवी बनी ओवरऑल चैंपियन



**छिंदवाड़ा।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन पेंच स्टाफ क्लब परासिया में 18 से 20 अप्रैल के मध्य किया गया । जिसका समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 20 अप्रैल को शाम 5 बजे पेंच स्टाफ क्लब परासिया में आयोजित किया गया । इस अवसर पर खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन हेतु कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वो.को.ली. पेंच प्रबंधन के वरिष्ठ प्रबंधक श्री एसपी सिंह बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी श्री इंद्रजीत सिंह बैंस, परमजीत सिंह विज, प्रोफेसर अनिल जैन, दीपक राज जैन,पेन्च स्टाफ क्लब संचालन समिति के सदस्य नेपाल सिंह, चंद्रभूषण डहरिया,सुनील पांडे, संजीव जी , विकास जी, महेश सोमकुंवर, महेंद्र दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्पर्धा के उत्कृष्ट खिलाड़ी जानवी विश्वकर्मा ,राहुल सिसोदिया, भविष्य सूर्यवंशी एवं शानीर मिगलानी रहे। स्पर्धा सचिव जावेद खान ने बताया कि जिले के उत्कृष्ट खिलाड़ी जय राजपूत ,आरव दीवान, राहुल सिसोदिया , संभवी,तेजस्विनी, मन्नत, तनिष्का विश्वकर्मा ,जानवी विश्वकर्मा, रौनक विश्वकर्मा, अंकित कुमरे सभी ट्रॉफी और मेढल के साथ-साथ व्यक्तिगत पुरुस्कार से नवाजा गया। कार्यक्रम का और स्पर्धा का संचालन बैडमिंटन संघ के सचिव जावेद खान ने किया और आभार प्रदर्शन दीपक राज जैन ने किया ।अंपायर के रूप में अंकुर खतारे,रत्नेश दुबे, अमित सोनी, तनिष्का विश्वकर्मा ,महिमा यादव ने विशेष सहयोग किया जिन्हें आयोजन समिति के द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया ।

### पीएमएमवीवाई योजना से बदली महिला की जिंदगी

**पांढुर्णा।** सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (**PMMVY**) ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। इसका एक प्रेरणादायक उदाहरण काराघाट कामठी की निवासी मीना परतेती हैं, जिनकी कहानी आज कई महिलाओं के लिए मिसाल बन गई है। मीना परतेती



एक साधारण परिवार से संबंध रखती हैं। गर्भावस्था के दौरान उन्हें स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी आवश्यक जानकारी का अभाव था, जिससे उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इसी दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में जानकारी दी और उनका पंजीयन कराया। योजना के तहत मीना परतेती को समय-समय पर आर्थिक सहायता किस्तों में प्राप्त हुई, जिससे उन्होंने अपने लिए पौष्टिक आहार जैसे दाल, हरी सब्जियां और फल लेना शुरू किया। साथ ही उन्होंने नियमित टीकाकरण और स्वास्थ्य जांच (**ANC** चेक-अप) भी करवाई, जिससे उनकी सेहत में निरंतर सुधार हुआ। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के मार्गदर्शन में मीना ने गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों को अपनाया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हुईं। इसका सकारात्मक परिणाम यह रहा कि उन्होंने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। आज मीना परतेती अन्य महिलाओं को भी इस योजना के प्रति जागरूक कर रही हैं और उन्हें लाभ लेने के लिए प्रेरित कर रही हैं। यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### जनगणना प्रशिक्षण में गुणवत्ता पर विशेष जोर

**पांढुर्णा।** नगर पालिका परिषद् सौसर में संचालित 3 दिवसीय जनगणना प्रशिक्षण में वरिष्ट्रेठ मास्टर ट्रेनर नरेन्द्र बाम्बल द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें, सर द्वारा सुपरवाइजर और प्रगणक को अपने सुझावों से निर्देशित किया। श्री बाम्बल द्वारा प्रगनको एवं सुपरवाइजर के प्रश्नों के उत्तर भी दिए गए। उक्त निरीक्षण के दौरान प्रशिक्षण की गुणवत्ता, प्रतिभागियों की सहभागिता एवं जनगणना कार्य की बारीकियों पर विशेष ध्यान दिया गया। वरिष्ठ मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित सुपरवाइजर एवं प्रगणकों को जनगणना कार्य की महत्ता, डेटा की शुद्धता एवं समयबद्ध कार्य निष्पादन के संबंध में महत्वपूर्ण सुझाव प्रदान किए गए। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित किया कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें प्रत्येक जानकारी की सटीकता और पारदर्शिता आवश्यक है। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों से संवाद स्थापित कर उनकी जिज्ञासाओं को गंभीरता से सुना तथा उनके प्रश्नों के समाधान भी विस्तारपूर्वक दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना कार्य में लगे अमले को दक्ष, सजग एवं उत्तरदायी बनाना है, ताकि आगामी जनगणना प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। वरिष्ठ मास्टर ट्रेनर के निरीक्षण से प्रशिक्षण में और अधिक गंभीरता एवं प्रभावशीलता आई है।

### विद्यार्थियों ने जाना बाबा साहेब के विचारों का महत्व

**पांढुर्णा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ तथा जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन में जन अभियान परिषद के द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम बीएसडब्ल्यू/ एमएसडब्ल्यू की कक्षाओं में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर जी की जयंती मनाई गयी। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विकासखण्ड समन्वयक श्री अनिल बोबडे सौंसर तथा विकासखण्ड समन्वयक श्री दिलीप आठनेरे पांढुर्णा ने बताया की डॉ बाबासाहेब आंबेडकर का उद्देश्य समाज के उद्धार के लिए कार्य करना था। उन्होंने समाज को यही संदेश दिया कि शिक्षा वो शेरनी का दूध है जिसे जो जितना पीएगा उतना दहाड़ेगा।

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण में जिला इस माह भी ' ए ' ग्रेड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य स्तर से 20 अप्रैल 2026 को सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में माह मार्च 2026 की ग्रेडिंग जारी की गई, जिसमें इस बार भी छिंदवाड़ा जिला ए ग्रेड में शामिल रहा है। कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा की गई सतत मॉनिटरिंग के फलस्वरूप 80.65 प्रतिशत वेटेज स्कोर और ए ग्रेड के साथ जिले ने यह उपलब्धि हासिल की है।

कलेक्टर श्री नारायन द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की स्वयं नियमित समीक्षा की जाती है। उनके द्वारा विभागवार शिकायतों की गंभीरता से समीक्षा कर समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। अधिकारियों की बैठक लेकर प्रकरणों की प्रगति पर नजर रखी जाती है और लापरवाही पर कार्रवाई भी की जाती है। मार्च माह की रैंकिंग में नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा ने 97.66 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ प्रदेश में दूसरा और छिंदवाड़ा पुलिस ने 85.2 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ 11वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह जिला पंचायत छिंदवाड़ा ने भी 82.82 प्रतिशत वेटेज स्कोर के साथ 'ए' ग्रेड में स्थान हासिल किया है।

कलेक्टर श्री नारायन ने पुलिस अधीक्षक श्री अजय पांडेय, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, नगर निगम आयुक्त श्री सी.पी.राय सहित 'ए' ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों के अधिकारियों एवं सीएम हेल्पलाइन के प्रभारी अधिकारी श्री राहुल कुमार पटेल को बधाई दी है और आगे इसे बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बी और सी ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों को स्थिति में सुधार करने, जबकि डी ग्रेड वाले विभागों को कड़ी मेहनत और समयबद्ध निराकरण के लिए सख्त हिदायत दी है।

## शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण : सांसद

### सांसद ने बटकाखापा में किया स्कूल के नये भवन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



बटकाखापा मे अर्थ एंजल इंग्लिश मीडियम स्कूल के नए भवन का गत दिनों भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद बंटी विवेक साहू ने रिबन काटकर नए भवन का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रयास बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने आधुनिक शिक्षा व्यवस्था और बेहतर संसाधनों से युक्त नए भवन की सराहना की।

उद्घाटन समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस बघेल भी विशेष रूप से में उपस्थित रहे। उनके साथ नगर के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए। समारोह में विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी अतिथियों का मन मोह लिया। बच्चों की प्रस्तुतियों पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया।

विद्यालय संचालक संतोष साहू ने कार्यक्रम में पधारे सांसद, जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं, अधिकारियों एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि विद्यालय हमेशा से ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनसमुदाय के लिए विशेष भोज का आयोजन भी किया गया। पूरे आयोजन में बडी संख्या में लोगों की मौजूदगी ने इसे यादगार बना दिया। इस अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक संतोष पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता टीकाराम चंद्रवंशी, कामिनी शाह, रोहित पोफली, अलकेश लांबा, विशवेन्द्र बैस सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### वेकोलि पेंच एरिया में लगातार आर्थिक नुकसान का मुद्दा गरमाया

## वेकोलि को आर्थिक नुकसान, प्रबंधन की लापरवाही या सांठ-गांठ श्रमिक संगठनों के गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

वेस्टर्न कोल फील्डस लिमिटेड (वेकोलि) मिनी रत्न कंपनी को पेंच एरिया में लंबे अरसे से आर्थिक नुकसान होने की बातें सामने आती रही हैं । जिस से उबरने के लिए उच्च प्रबंधन के द्वारा कई बार व्यवस्थाएं बदली गई , कई फेर - बदल किए गए बावजूद इसके स्थानीय प्रबंधन पर लापरवाही और सांठ - गांठ से कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप श्रमिक संगठनों के द्वारा लगाए जाते रहे हैं । हाल ही में दो अलग मुद्दों पर श्रमिक संगठन इंटक और एच एम एस के द्वारा प्रबंधन पर कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं ।

### स्लेक की जगह डिस्पैच हो रहा स्टीम

श्रमिक संगठन इंटक अध्यक्ष और परासिया विधायक सोहन लाल वाल्मीकि ने पेंच क्षेत्र के महा प्रबंधक को पत्र लिखकर बताया है , कि क्षेत्र की नेहरिया भूमिगत कोयला खदान में बीते दिनों स्लेक कोयले का ऑक्शन (नीलामी) हुआ था , लेकिन जो कोयला ट्रकों से ट्रांसपोर्ट (डिस्पैच) हो हो रहा है , वह स्टीम कोल है । इस गुणवत्ता वाले कोयले की कीमत स्लेक कोयले से अधिक है । जिस से कंपनी को आर्थिक नुकसान हो रहा है । श्री वाल्मीकि का दावा है , कि यह सब खदान प्रबंधन की मिली भगत के बगैर नहीं हो सकता । यह एक गंभीर लापरवाही है , जिसकी जांच होना चाहिए और इस तरह की मिली भगत और लापरवाही पर अंकुश लगना अत्यंत आवश्यक है , ताकि कंपनी को आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके ।

### काम सरफेस में , वेतन अंडर ग्राउंड का

श्रमिक संगठन एच एम एस के वेकोलि उपाध्यक्ष और पेंच क्षेत्र के अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने भी महाप्रबंधक को पत्र लिखकर बताया है , कि पेंच एरिया में संचालित कोयला खदानों में कई कामगार ऐसे हैं , जो काम तो सरफेस में कर रहे हैं , लेकिन वेतन अंडर ग्राउंड का ले रहे हैं । उनमें भी कई कामगार ऐसे हैं , जिनकी सरफेस में काम करने की मियाद पूरी हो गई है , प्रबंधकीय अधिकारी की मिली भगत के चलते उन्हें वापस अंडर ग्राउंड नहीं भेजा जा रहा है । इस स्थिति के चलते कंपनी को आर्थिक नुकसान हो रहा है । बता दें , कि अंडर ग्राउंड में काम करने वालों का वेतन अधिक होता है । उन्होंने ये भी कहा कि वास्तव में जिन्हें सरफेस में काम करना चाहिए वे 52 - 55 की उम्र हो जाने पर भी अंडर ग्राउंड में काम कर रहे हैं । उन्हें ने महा प्रबंधक से इस मामले को गंभीरता से लेकर कंपनी के हित में निर्णय लेने की मांग रखी है ।

## पंचायत स्तर पर चलाया जा रहा जागरूकता, कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी जला रहे नरवाई

# नरवाई जलाने पर सख्ती: जिले में 60 एफआईआर, किसानों से जागरूकता की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा जिले में गेहूं कटाई का कार्य तेजी से जारी है, लेकिन इसके साथ ही खेतों में बची नरवाई (फसल अवशेष) जलाने की घटनाएं प्रशासन के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। इस गंभीर समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अब तक नरवाई जलाने के मामलों में जिले में कुल 60 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं, वहीं कई किसानों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की गई है।

कलेक्टर हरेन्द्र नारायन के निर्देशन में कृषि विभाग और राजस्व विभाग संयुक्त रूप से मैदानी स्तर पर लगातार निगरानी और जागरूकता अभियान चला रहे हैं। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि नरवाई जलाना न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि इससे खेतों की उर्वरता भी प्रभावित होती है, जिसका सीधा असर भविष्य की फसलों के उत्पादन पर पड़ता है।

### हार्वेस्टर मशीनों के लिए निर्देश

प्रशासन ने यह भी निर्देश दिए हैं कि सभी कंबाइन हार्वेस्टर में स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (SMS) या स्ट्रा रीपर का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। इसके साथ ही हार्वेस्टर से कटाई के बाद सुपर सीडर के माध्यम से जायद फसलों की बोनी करने की सलाह दी गई है, ताकि नरवाई जलाने की जरूरत ही न पड़े।

### किसानों से अपील

कलेक्टर एवं उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों से अपील की है कि वे नरवाई जलाने की परंपरा को छोड़कर वैज्ञानिक खेती की ओर कदम बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि खेतों को उपजाऊ बनाए रखने के लिए आधुनिक तकनीकों को अपनाना समय की मांग है। प्रशासन का मानना है कि यदि किसान सहयोग करें, तो न केवल पर्यावरण संरक्षण संभव होगा, बल्कि कृषि उत्पादन में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। इसलिए सभी किसानों से आग्रह है कि वे नरवाई न जलाएं और अपने खेतों को सुरक्षित व उपजाऊ बनाए रखें।

### पर्यावरण और मिट्टी पर गंभीर प्रभाव

विशेषज्ञों के अनुसार, नरवाई जलाने से खेतों में मौजूद लाभकारी सूक्ष्मजीव और मित्र कीट नष्ट हो जाते हैं। इससे मिट्टी की प्राकृतिक उर्वरा शक्ति कमजोर हो जाती है।

साथ ही, धुएं के कारण वायु प्रदूषण भी बढ़ता है, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि शासन स्तर पर भी इस प्रथा को रोकने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

### पंचायत स्तर पर जागरूकता अभियान

जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में विशेष टीमें गठित की गई हैं, जिनमें पटवारी, कृषि विस्तार अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव और रोजगार सहायक शामिल हैं। ये टीमें गांव-गांव में चौपाल और संगोष्ठियों का आयोजन कर किसानों को नरवाई न जलाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। इसके साथ ही किसानों को शपथ भी दिलाई जा रही है और मुनादी के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है। टीमों द्वारा यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि यदि कोई किसान नरवाई जलाते हुए पाया जाता है, तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यही वजह है कि प्रशासन अब केवल समझाइश तक सीमित नहीं है, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती भी बरत रहा है।

### सैटेलाइट से निगरानी

नरवाई जलाने की घटनाओं पर नजर रखने के लिए आधुनिक तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है। सैटेलाइट के माध्यम से जिले में अब तक 843 घटनाएं चिन्हित की जा चुकी हैं। सूचना मिलते ही संयुक्त दल मौके पर पहुंचकर जांच करता है और दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाती है।

### तहसीलवार कार्रवाई का आंकड़ा

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, नरवाई जलाने के मामलों में सबसे अधिक कार्रवाई चौरई तहसील में हुई है, जहां 15 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इसके अलावा अमरवाड़ा में 10, बिछुआ में 10, उमरेठ में 8, तमिया में 6, चांद में 4, हर्रई में 4, परासिया में 2 और छिंदवाड़ा तहसील में 1 एफआईआर दर्ज की गई है। वहीं बिछुआ और छिंदवाड़ा विकासखंड में एक-एक किसान पर जुर्माना भी लगाया गया है।

### वैकल्पिक उपायों पर जोर

प्रशासन और कृषि विभाग किसानों को नरवाई प्रबंधन के आधुनिक और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। किसानों को सलाह दी जा रही है कि वे स्ट्रा रीपर, सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे कृषि यंत्रों का उपयोग करें। इन मशीनों की मदद से खेत में बची नरवाई को बिना जलाए ही मिट्टी में मिलाया जा सकता है, जिससे जैविक खाद तैयार होती है और मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है। इसके अलावा मल्चर और रोटावेटर का उपयोग कर भी फसल अवशेषों को खाद में बदला जा सकता है। इससे न केवल पर्यावरण की रक्षा होती है, बल्कि किसानों की लागत भी कम होती है और उत्पादन में वृद्धि होती है।

## ज्ञायक भगवान आत्मा से गूंजा स्वाध्याय भवन मंडल एवं जैन युवा फेडरेशन ने मनाया उपकार दिवस



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा में श्री दिगंबर जैन मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन ने विविध अनुष्ठानों के साथ आध्यात्मिक सत पुरुष स्वर्णपुरी के संत गुरुदेवश्री कानजी स्वामी का 137 वां उपकार दिवस एवं अक्षय तृतीया महापर्व विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनाया। मंगलमय प्रसंग पर अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जिनालय में श्री जिनेन्द्र पूजन से उपकार दिवस का शुभारंभ हुआ पश्चात स्वाध्याय भवन में गुरुदेवश्री के व्यक्तित्व एवं कर्त्तव्य पर धर्म सभा का आयोजन किया गया।जिसमें मंडल अध्यक्ष शांतिकुमार पाटनी, रमेश सिंघई, बाल ब्रह्मचारणीय डॉक्टर आरती जैन, ऊषा किरण जैन, डॉ. विवेक जैन, नीता जैन सहित अन्य वक्ताओं ने अपने सुंदर विचार रखे और ज्ञायक भगवान आत्मा की महिमा बताई। संध्या की बेला पर वीतराग भवन में वीतराग विज्ञान पाठशाला सहित महिला मंडल द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ नाटक मैं कौन हूँ की सुंदर प्रस्तुति दी गई जिसकी सभी ने सराहना की। जिसे सफल बनाने में श्रीमती वर्षा पाटनी, शुचिता जैन, सोनम पाटनी, भावना जैन, अनुप्रेक्षा जैन, श्रुति जैन, आर्या जैन, संस्कृति जैन का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

## केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर



भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने नागपुर प्रवास के दौरान केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से उनके निवास स्थान पर सौजन्य भेंट की। इस मुलाकात के दौरान उन्होंने पांढुर्णा में आगामी दिनों में आयोजित होने वाले 'स्वदेशी मेला' का भावभीनी निमंत्रण पत्र सौंपा।

भेंट के दौरान श्री मोहोड ने केंद्रीय मंत्री को मेले के उद्देश्यों, स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी और तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल में उनके साथ स्वदेशी जागरण मंच के तहसील संयोजक एवं पांढुर्णा नगर मंडल अध्यक्ष भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। भेंट के दौरान जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा की ₹स्वदेशी की भावना को जन-जन तक पहुँचाने के हमारे संकल्प में नितिन गडकरी जी का मार्गदर्शन सदैव प्रेरणादायी रहता है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने मेले के आयोजन की सराहना करते हुए अपनी

## समर कैंप के दौरान स्वच्छता का अनोखा संदेश, खिलाड़ियों को किया जागरूक

**जुन्नारदेव।** बीते दिनों स्वच्छता के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से आई मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स अकादमी, जुन्नारदेव में आयोजित समर कैंप के दौरान खिलाड़ियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमति नेहा धुर्वे के मार्गदर्शन में की गई। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, मार्शल आर्ट कोच एवं जुन्नारदेव नगर पालिका के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर योगेश रुखमांगद भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को स्वच्छता का महत्व समझाते हुए प्रेरित किया कि वे अपने दैनिक जीवन में प्रतिदिन स्वच्छता को अपनाएं और दूसरों को भी इसके लिए जागरूक करें।इस दौरान भोपाल से पधारी टीम ने नुक्कड़ नाटक, कठपुतली शो, संगीत एवं नृत्य के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। मनोरंजन के साथ-साथ शिक्षाप्रद प्रस्तुतियों ने खिलाड़ियों को आकर्षित किया।

## 12वी में श्रद्धा वर्मा व साहिल वर्मा बने टॉपर 10वीं में दीपाली बेलवंशी ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

जिला छिंदवाडा के जनपद पंचायत चौरई अंतर्गत माचागोरा डेम से प्रभावित संकुल हिवरखेड़ी में अध्यानरत कक्षा 12वी में श्रद्धा दधिबल वर्मा हिवरखेड़ी ने 87.8% अंक प्राप्त कर सबको चौका दिया तो साहिल सीताराम वर्मा धनोरा ने 86.2% अंक प्राप्त कर ग्राम धनोरा का नाम रौशन किया कक्षा 10वी में दीपाली प्रकाश वेलबंशी धनोरा ने 90.6% अंक प्राप्त कर ग्राम धनोरा को गौरवान्वित किया। ज्ञात हो की माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा एवं हाइयर सेकेंडरी प्रमाण पत्र परीक्षा परिणाम 15 अप्रेल 2026 को घोषित हुआ जिसमे सरकारी स्कूल पी एम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हिवरखेड़ी का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा कक्षा 10वी में कुल दर्ज संख्या 121 मे से 114 उच्च अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए कक्षा 10 वी में विद्यालय का प्रतिशत 94.2% रहा 07 को द्वितीय अवसर प्राप्त हुआ कक्षा 10 वी में दीपाली प्रकाश बेलवंशी धनोरा ने 90.6% प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टापर बनी। कक्षा 12 वी में कुल दर्ज संख्या 104 मे से 102 छात्र छात्राओ ने उच्च अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण किया वही 02 छात्रों को द्वितीय अवसर प्राप्त हुआ कक्षा 12 वी में विद्यालय का परीक्षा फल 98.07 प्रतिशत रहा मजेदार बात यह है की गणित विज्ञान संकाय मे कुल दर्ज संख्या 26 थी 100 प्रतिशत उच्च अंक प्राप्त कर 26 की 26 प्रथम श्रेणी में छात्र छात्राए उत्तीर्ण हुए जिसमे श्रद्धा दधिबल वर्मा हिवरखेड़ी ने 87.8% प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय छात्रा टापर बनी तो वही छात्रों में साहिल सीताराम वर्मा धनोरा ने 86.2% प्रतिशत अंक प्राप्त कर टापर बने। मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव जी द्वारा चलाई जा रही योजना जिससे मेधावी छात्र छात्राओं को स्कूटी दी जाती है जिसके हकदार श्रद्धा एवं साहिल वर्मा बने।

## कर्मचारियों ने की भाजपा नेताओं से बीएमओ को हटाने की मांग



**सौंसर।** विभिन्न स्वास्थ्य संगठनों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अवसर परिसर में बीएमओ हटाओ अभियान के तहत हड़ताल की जा रही है। शनिवार को जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेश गोंडाने सौसर अस्पताल परिसर में विभिन्न स्वास्थ्य संगठनों की ओर से सौसर बीएमओ डॉ योगेश शुक्ला को हटाने चल रहे हड़ताल में कर्मचारियों से चर्चा करने पहुंचे थे,स्वास्थ्य कर्मचारी संगठनों ने नियमों की करतूतो को जिला अधिकारियों को बताया,वही डॉक्टर एसोसिएशन के साथ ही सौसर क्षेत्र के अनेक सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों ने विरोध दर्ज करते हुए बीएमओ को तत्काल हटाने की मांग, इस दौरान सौसर बीएमओ हटाने की मांग करने वाले सभी स्वास्थ संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहड़, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ के निवास स्थान पर पहुंचकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रही अनियमिताओं के साथ ही बीएमओ डॉ योगेश शुक्ला को हटाने को लेकर चर्चा और आवेदन दिया है। इस दौरान दोनों भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा मामले में संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाही करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के नेतानीलकंठ वीरखरे, राजू खंडाइत,प्रफुल्ल ठाकरे,सुनील वहाने,साजिद खान,डॉ अतुल परातकार, कैलाश सोमकुंवर मौजूद रहे।

## अगले वर्ष समाज के नए भवन में मनाएंगे जन्मोत्सव- राजेश पाठक

# सर्व ब्राह्मण समाज ने मनाया भगवान परशुराम जन्मोत्सव



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी १९ अप्रैल रविवार को हर्षोल्लास के साथ श्रद्धा भाव से मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन शहर के जयस्तंभ चौक समीप स्थित मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में किया गया।

इस अवसर पर सुबह मंदिर में स्थापित भगवान श्री राम दरबार के साथ भगवान श्री परशुराम जी प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर हवन पूजन आरती किया गया। बड़ी संख्या में ब्राम्हण समाज के महिला पुरूष व युवाओं ने हवन पूजन में शामिल होकर भगवान से सुख-समृद्धि और समाज के कल्याण की कामना की गई। तत्पश्चात भगवान को भोग लगाकर महाप्रसाद भंडारा वितरण किया गया। वहीं महिलाओं द्वारा मां त्रिपुर सुंदरी मंदिर में भजन कीर्तन कर भगवान परशुराम के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर उनका यशगान किया।

इस संबंध में जिला सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश पाठक व जिला महिला संगठन की अध्यक्ष श्रीमती संध्या दीक्षित ने बताया कि भगवान परशुराम जी ने ब्राम्हण कुल में जन्म लिया और वे हम सभी के आराध्य देव हैं। जिनका जन्मोत्सव हर वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास से श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम ओर हर्षोल्लास के साथ रविवार अक्षय तृतीया को मनाया गया। पाठक जी ने कहा कि ये महज धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और समरसता का भी प्रतीक है। इसमें समाज के सभी वर्गों—गुरुजन, मातृशक्ति, बहनों, छोटे-बड़े भाइयों एवं समस्त सामाजिक बंधुओं को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जी का जीवन हमें धर्म, न्याय और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह कार्यक्रम कई सालों से हम सभी मिलकर मन रहे है । साथ एक बहुत ही शानदार जानकारी उन्होंने दिया कि भगवान परशुराम जी की कृपा सेज हम सभी अगले वर्ष से यह जन्मोत्सव का कार्यक्रम सर्व ब्राह्मण समाज के नए भवन में किया जाएगा जिनकी समाज के लिए एक गौरव की बात रहेगी ।

## लापता शख्स का तालाब में मिला शव, मानसिक अस्वस्थ ने कुएं में लगाई छलांग

# तीन अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बालाघाट जिले के कटंगी क्षेत्र में तीन अलग-अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। इन हादसों के बाद हर तरफ इन दिनों हो रही हादसों में मौतों को लेकर काफी चर्चाएं चल रही है। सड़क हादसे और अन्य हादसों में मौतों की इन घटनाओं ने लोगों को भीतर से झकझोर कर रख दिया है। रविवार और सोमवार इन दो दिनों के भीतर तीनों लोगों की मौत की घटनाएं सामने आई है। पहली घटना कटंगी से वारासिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर उमरी की है। यहां एक शराबी बाईक चालक ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा रविवार की रात तकरीबन 8 बजे के आसपास हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक चालक ने अपनी बाइक को तेजी से चलाते हुए साइकिल सवार को टक्कर मार दी। साइकिल सवार को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार साइकिल सवार ग्राम कोसमी निवासी जयसिंह पिता लक्ष्मण गौतम की मौत हो गई। वह महदुली से एक तेरहवीं कार्यक्रम से वापस अपने घर की ओर लौट रहे थे। वही मोटरसाइकिल सवार बोटेझरी निवासी सुनील नागेश्वर अपनी ससुराल गोपालपुर से घर वापस जा रहा था। जो शराब के नशे में था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सरकारी अस्पताल पहुंची जहां विधिवत पंचनामा कार्रवाई पूरी कर ली गई। सोमवार की सुबह 10 बजे मृतक के शव का पीएम कर शव परिजनों को सौंपा गया किंतु पीएम के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया।



दूसरी घटना तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम दिग्धा की है। यहां पर बीते दो दिनों से लापता व्यक्ति का शव सोमवार की सुबह करीब 08 बजे गांव के मुड़ीबोड़ी तालाब में मिला है। तालाब की तरफ गए ग्रामीणों ने शव को पानी में तैरता देखकर महकेपार चौकी पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकाला और पहचान की पुष्टि की। मृतक की पहचान शिशुपाल पिता दीनाराम वाघाड़े उम्र 40 वर्ष निवासी दिग्धा के रुप में हुई है। घटना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। मृतक के बड़े भाई संतोष ने बताया कि वह विवाह समारोह में गए हुए थे। रविवार को जब वापस घर लौटे तो भाई की बेटी ने बताया कि पिता शनिवार से लापता है। सोमवार की सुबह तालाब में शव देखा गया। पुलिस ने शव को बरामद कर सरकारी अस्पताल कटंगी में पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी मानसिक रुप से अस्वस्थ्य है और मृतक की दो बच्चियां है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मृतक की मौत कैसे हुई है। पीएम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही खुलासा हो पाएगा। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों ही एंगल से घटना की जांच कर रही है।

तीसरी घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम कलगांव की है। यहां पर करीब 3 वर्षो से मानसिक रुप से अस्वस्थ चले 32 वर्षीय युवक ने अपने पांव में बंधी बेड़ियों को तोड़कर घर के पीछे कुएं में कूदकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली है। यह घटना सोमवार की सुबह करीब 07 बजे यह घटना हुई है। जिस वक्त पीड़ति ने यह आत्मघाती कदम उठाया। उस वक्त घर पर कोई भी पुरुष सदस्य मौजूद नहीं था और महिलाएं घरेलू कामकाज में जुटी हुई थी। मिली जानकारी अनुसार रूपेश पिता सेजलाल बिसेन तकरीबन 3 वर्ष से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा था। जिसका महाराष्ट्र के गोंदिया के एक निजी अस्पताल से उपचार चल रहा था। रूपेश की मानसिक परिस्थिति ठीक नहीं होने की वजह से परिजन उसे बेड़ियों से बांधकर रखते थे। सोमवार की सुबह जब परिवार के सभी पुरूष सदस्य अपने-अपने कार्य और महिलाएं घरेलू कामकाज में जुटी हुई थी। तभी रूपेश ने अपने पैरों में बंधी बेड़ियों को तोड़कर कुएं में कुदकर आत्महत्या कर ली। मृतक विवाहित था और उसके दो बच्चे भी है।

## एक हफ्ते से सूखे नल, छह माह से नहीं मिला मनरेगा भुगतान, भीषण गर्मी में बढ़ा जनाक्रोश

# पानी को तरसे बहेला के गांव, नल-जल योजना ठप-मजदूरी अटकी, सड़क पर उतरे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज लांजी।



जिले के लांजी जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत बहेला के अंतर्गत आने वाले गांवों और टोलों में हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। नल-जल योजना पूरी तरह ठप पड़ी है और बीते एक सप्ताह से ग्रामीणों को पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग 1 से 2 किलोमीटर दूर खेतों के बोरवेल से पानी ढोने को मजबूर हैं। गर्मी के इस तीखे दौर में यह संकट किसी त्रासदी से कम नहीं दिख रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी इस गंभीर समस्या पर आंखें मूंदे बैठे हैं। फोन करने पर भी अधिकारी जवाब नहीं देते, जिससे लोगों का गुस्सा अब खुलकर सामने आ रहा है।

ग्राम पंचायत बहेला के पंचमटोला, शिव मंदिर क्षेत्र सहित कई इलाकों में नल-जल योजना पूरी तरह बंद है। सरपंच श्रीमती सुनीता आशु चौरागड़े ने बताया कि योजना वर्ष 2022 से शुरू हुई, लेकिन आज तक सही तरीके से चालू नहीं हो पाई। बिजली बिल का भुगतान नहीं होने के कारण सप्लाई बंद कर दी गई है। पंचायत द्वारा अभी तक योजना का हैंडओवर नहीं लिया गया, जिससे जिम्मेदारी तय नहीं हो पा रही है। वहीं पंचायत के हैंडओवर न होने से पंचायत द्वारा ग्रामीणो से बिल भी वसूल नही कर रही है। जिसके चलते ग्रामीणो के हिस्से में सिर्फ परेशानी आ रही है।

एक तरफ पानी का संकट, दूसरी ओर मनरेगा मजदूरी का भुगतान न होना ग्रामीणों के लिए दोहरी मार बन गया है। श्रीमती सोनू मलगाम ने बताया कि जनवरी से मनरेगा के तहत काम कर रहे करीब 100 से 150 मजदूरों को अब तक भुगतान नहीं मिला है। छह माह से रुकी मजदूरी ने गरीब परिवारों की कमर तोड़ दी है। बच्चों के पालन-पोषण और रोजमर्रा के खर्च तक चलाना मुश्किल हो गया है।

### धरने पर बैठे ग्रामीण, आंदोलन की चेतावनी

लगातार उपेक्षा से नाराज ग्रामीण अब सड़क पर उतर आए हैं। गांव में धरना शुरू हो चुका है और लोगों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि जल्द पानी और मजदूरी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन और उग्र होगा। ग्रामीणों का कहना है कि अब यह सिर्फ शुरुआत है, जरूरत पड़ी तो पूरे क्षेत्र के लोग एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इधर ठेकेदार ने जल्द बिजली बिल जमा कर नल-जल योजना शुरू करने का आश्वासन दिया है, लेकिन पीएचई विभाग के अधिकारी अब भी चुप्पी साधे हुए हैं। हालात यह हैं कि भीषण गर्मी में लोग पानी-पानी चिल्ला रहे हैं, और जिम्मेदार तंत्र बेपरवाह नजर आ रहा है।

# मध्य प्रदेश में अमेरिकी तिलापिया से मछली पालन को मिलेगी नई रफ्तार, किसानों के लिए खुलेंगे कमाई के नए रास्ते: डॉ अनीश बिल्गोर

हरिभूमि न्यूज लांजी।

अमेरिकी तिलापिया मध्य प्रदेश के मत्स्य क्षेत्र में तेजी से उभरती व्यावसायिक प्रजाति बन गई है। तेज़ वृद्धि दर, कम उत्पादन लागत, 5-6 महीनों में बाजार योग्य 250-300 ग्राम वजन और बेहतर बाजार मांग के कारण यह प्रदेश के किसानों, जलाशय आधारित पिंजरा पालन संचालकों और मत्स्य उद्यमियों के लिए आकर्षक विकल्प बन रही है। कम अवधि में अच्छा प्रतिफल इसकी सबसे बड़ी आर्थिक विशेषता है।प्रदेश के जल संसाधन देंगे पालन को मजबूत आधार मध्य प्रदेश में उपलब्ध तालाब, जलाशय, बांध और विस्तृत अंतर्देशीय जल संसाधन तिलापिया पालन के लिए मजबूत आधार प्रदान करते हैं। यह प्रजाति पिंजरा पालन, तालाब पालन और अर्ध-सघन प्रणालियों में आसानी से अनुकूल हो जाती है। जल प्रवाह वाले क्षेत्रों में चारा प्रबंधन और जल गुणवत्ता पर सही नियंत्रण से बेहतर वृद्धि प्रदर्शन मिल सकता है। वैज्ञानिक ढंग से पालन करने पर साल में एक से अधिक उत्पादन चक्र संभव हैं।बीज से बाजार तक बनेंगी रोजगार की कई कड़ियां तिलापिया पालन से प्रदेश में मत्स्य आधारित अवसरों की पूरी श्रृंखला विकसित हो सकती है। इसमें बीज उत्पादन, हैचरी विकास, चारा आपूर्ति, पिंजरा पालन, फसल कटाई, विपणन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन शामिल हैं। स्थानीय स्तर पर बीज उपलब्धता और बाजार व्यवस्था मजबूत होने से यह छोटे और मध्यम किसानों के लिए आय का स्थायी स्रोत बन सकती है। छोटे आकार के बीज से भी सफल पालन संभव आंकड़ों के अनुसार 105-110 ग्राम या लगभग 170 ग्राम वजन वाले बीज से भी तिलापिया का सफल पालन संभव है। उचित संचयन घनत्व, संतुलित आहार, नियमित छंटाई और रोग निगरानी से उत्पादन लागत नियंत्रित रखी जा सकती है। यही कारण है कि इसे कम समय में अच्छा प्रतिफल देने वाली मछली माना जा रहा है।मत्स्य विविधीकरण से बढ़ेगा ग्रामीण रोजगार मध्य प्रदेश में अंतर्देशीय मत्स्य पालन पहले से मजबूत आधार पर विकसित हो रही है। ऐसे में तिलापिया को विविधीकरण प्रजाति के रूप में अपनाने से न केवल मछली उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि ग्रामीण रोजगार, चारा व्यवसाय, परिवहन, शीत श्रृंखला और बाजार संपर्क भी मजबूत होंगे।_वैज्ञानिक प्रबंधन है सफलता की कुंजी विशेषज्ञों के अनुसार इस प्रजाति की सफलता के लिए पानी की गुणवत्ता, ऑक्सीजन स्तर, बीज गुणवत्ता और जैव सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना जरूरी है।

बिना वैज्ञानिक प्रबंधन के उत्पादन और लाभप्रदता दोनों प्रभावित हो सकते हैं।_योजनाबद्ध प्रयास से बदलेगी मत्स्य अर्थव्यवस्था की तस्वीर कुल मिलाकर, अमेरिकी तिलापिया मध्य प्रदेश के मत्स्य पालन को नई व्यावसायिक दिशा दे सकती है। तकनीकी मार्गदर्शन और मजबूत विपणन व्यवस्था के साथ योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने पर यह प्रदेश की मत्स्य अर्थव्यवस्था को नई गति देगी। इससे उत्पादन बढ़ने के साथ किसानों की आय और प्रदेश की मत्स्य विकास संभावनाएं भी मजबूत होंगी।

**खबर संक्षेप**

### नगर गौरव दिवस सिटी-डे का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सभी जिले वासियो को अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार दिनांक 22 अप्रैल 2026 दिन बुधवार को नगरपालिका प्रशासन सिवनी द्वारा आदि गुरू शंकराचार्य अवतरण दिवस को नगर गौरव दिवस सिटी के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 22 अप्रैल को सायं 06 बजे से मठ मंदिर सिवनी में आदि गुरू शंकराचार्य जी की मूर्ति का पूजन/अर्चन विशिष्ट अतिथियों जिले के सांसद महोदय, विधायक महोदय, जिलाध्यक्ष महोदय, जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति में किया जावेगा साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व धर्मसभा का आयोजन किया जा रहा है। नगर गौरव दिवस सिटी डे के अवसर पर धर्मसभा में श्रीमद् जगदगुरू शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराजश्री एवं ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज धर्म सभा को संबोधित करेंगे। अतः नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानाचंद सनोडिया एवं उपाध्यक्ष श्रीमति डॉली अमित डागौर द्वारा नगर के गणमान्य बंधुओं/नागरिको से अपील की जाती है कि दिनांक 22 अप्रैल 2026 को नगर के ऐतिहासिक मठ मंदिर में सायं 06 बजे से निकाय द्वारा आयोजित नगर गौरव दिवस कार्यक्रम पधारें एवं तथा महाराजश्री के मुखारबिंद से आर्शीवचन प्राप्त करें।

### जिला कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छपारा। जिले का एकमात्र अधिकृत कराटे संगठन स्पोर्ट्स कराते डेवलपमेंट एसोसिएशन सिवनी द्वारा गत दिवस 19 अप्रैल को छपारा नगर के स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में जिला सिवनी के जिला सब जूनियर, केडट, जूनियर कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

संघ के सह सचिव गीतेश प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में जिले के समस्त विकास खंडों के लगभग 75 खिलाडिय़ों ने विभिन्न आयु, वजन वर्ग की काता, कुमिते स्पर्धाओं में अपने खेल का प्रदर्शन कर इंदौर में होने जा रही मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएशन की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए यह सभी नन्हे खिलाड़ी सिवनी जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे वही समस्त अभिभावकों, प्राचार्य एवं समस्त खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

### शौर्य दिवसः लोधी समाज का एकजुटता का आव्हान

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** केवलारी -अखिल भारतीय लोधी महासभा के नैतृत्व मे अंग्रेजी हकुमत के समकालीन 1842 की क्रांति के महानायक राजा हिरदेशाह लोधी के शौर्य दिवस पर दिनांक 28 अप्रैल को मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के जम्बुरी मैदान मे लोधी समाज का महाकुंभ का आयोजन होने जा रहा है। कार्यक्रम करने का मुख्य आशय लोधी समाज की स्वतंत्रता की लडाई मे योगदान रानी अवंति बाई लोधी का बलिदान ओर बुंदेला क्रांति के जन नायक राजा हिरदेशाह लोधी सहित गुमनाम अनेको शख्शियत का इतिहास प्रदेश पटल पर रखना है।न्यू मिशन इंडिया के जिलाध्यक्ष एवं लोधी समाज के जिला उपाध्यक्ष विसराम सिंह पटेल ने सजातीय भाइयो वहनो से भोपाल के कार्यक्रम मे सहभागिता ओर विराट जनसमूह मे पहूंचने की अपील की है।

### रक्तदान शिविर मे 24 युनिट रक्त का महादान

केवलारी -गायत्री प्रज्ञा पीठ के मुख्य सचेतक विनोद बर्मन के द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार ग्राम अहरवाड़ा मे युवा प्रकोष्ठ गायत्री परिवार के द्वारा प्रथम मर्तबा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे युवाओ के उत्साह से 24 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ।ग्रामीण क्षेत्र में यह प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ है सर्व विदित है गरमी के सीजन मे दुर्घटनाग्रस्त लोगों के जीवन दान ओर महिलाओं की अतिआवश्यक जीवन रक्षा के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन कर जीवन रक्षा का यह पुनीत कार्य गायत्री परिवार अहरवाड़ा, ग्राम पंचायत के जन प्रतिनिधियों एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

# छपारा पुलिस की बडी कार्यवाही : सिवनी जबलपुर हाईवे पर कार से भारी मात्रा मे अवैध अंग्रेजी शराब की जप्त

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

रविवार देर छपारा पुलिस की बडी कार्यवाही करते हुए सिवनी जबलपुर हाईवे पर कार से भारी मात्रा मे अवैध अंग्रेजी शराब की जप्त की।

छपारा थाना प्रभारी खेमेंद्र जैतवार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी, श्रीमान सुनील कुमार मेहता व्दारा जिले में हो रही अवैध शराब की तस्करी पर रोक लगाने हेतु सभी थाना प्रभारीयों को आदेशित किया गया है।

इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी के मार्गदर्शन में और अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) लखनादौन के निर्देशन में थाना छपारा पुलिस को भारी मात्रा में तस्करी की जा रही अवैध अंग्रेजी शराब को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

घटना का विवरण इस प्रकार हैः- थाना छपारा क्षेत्रान्तर्गत रविवार 19 अप्रैल को सूचना मिली कि सिवनी से छपारा की ओर एक काले रंग की स्कार्पियो क्रमांक MP-07-CB-3741 में अत्यधिक मात्रा में शराब भरकर विक्रय करने ले जा रहा है सूचना पर नेशनल हाईवे पर स्कार्पियो क्रमांक MP07CB3741 कार का पीछा किया गया, जो घुनई घाट में जबलपुर की ओर जाने वाली फोर लाईन पर घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया तब उक्त स्कार्पियो गाड़ी का चालक खतरे को भा हुए ट्रकों का सहारा लेकर स्कार्पियो गाड़ी को बीच रोड में चालू हालत में छोडकर गाडी से उतरकर चालक एवं चालक के बगल में बैठा



व्यक्ति जंगल की ओर भाग गए जिनका पीछा किया गया किंतु जंगल और अंधेरे का फायदा उठाकर उक्त दोनो आरोपीगण मौके से फरार हो गये। स्कार्पियो क्रमांक MP07CB3741 की तलाशी लेने पर स्कार्पियो गाडी में पीछे एवं बीच वाली सीट पर कुल 33 पेटी अंग्रेजी शराब कुल 256.92 लीटर जिसकी कीमत 2, लाख 83 हजार 3 सौ 20 रूपये जप्त की गई है एवं शराब स्कार्पियो क्रमांक MP07CB3741 के चालक एवं एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के विरुध्द अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है, एवं फरार आरोपीगण तथा जप्त शराब कहाँ से कहाँ ले जायी जा रही है के संबंध में विवेचना की जा रही है।

**जप्त मशरूका**

(01) काले रंग की स्कार्पियो क्रमांक MP07CB3741 (02) 33 पेटी अंग्रेजी शराब कुल 256.92 लीटर कुल कीमती 2,83,320 रुपये जिनमे (6) पेटी बैंकपाईपर विस्की अंग्रेजी शराब 8 पेटी ऑफिसर च्वाईस अंग्रेजी शराब, 2 पेटी आफिसर च्वाईस अंग्रेजी शराब, 9 पेटी MD No.1 (Rum) अंग्रेजी शराब, 5 पेटी 8 PM अंग्रेजी शराब, 01 पेटी रायल स्टेज विस्की अंग्रेजी शराब, 02 पेटी बर्कार्डी लेमन अंग्रेजी शराब)

**महत्वपूर्ण भूमिका**

थाना प्रभारी छपारा निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, उप निरीक्षक सुक्कुलाल उईके, सहायक उप निरीक्षक सुखदास मर्सकोले, सउनि मंगलदास गोनेकर, प्रधान आरक्षक दशरू प्रसाद बघेल, प्रधान आरक्षक विनोद बघेल, प्रधान आरक्षक शैलेन्द्र कवरेती, आरक्षक आशीष चौहान,आरक्षक रतिभानसा।

## समाधान योजना के तहत शिविर व रात्रि चेकिंग अभियान तेज

# बड़े बकायादारों की लाइन काटी गई, अब रात्रि में सख्त जांच शुरू

ग्राम पंचायत स्तर पर समाधान शिविर, घर-घर जागरूकता अभियान जारी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी समाधान योजना 2025-26 (द्वितीय चरण) के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अधीक्षण अभियंता, सिवनी के निर्देशन में छपारा उपसंभाग अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को योजना का लाभ दिलाना एवं लंबित बकाया प्रकरणों का निराकरण करना है।



ज्ञात हो कि शासन की मंशा के अनुरूप यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी उपभोक्ता इस योजना के लाभ से वंचित न रहे। इसी के तहत विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा शिविर स्थल पर उपभोक्ताओं की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। साथ ही विशेष अभियान चलाकर ग्राम पंचायत स्तर पर एवं घर-घर जाकर उपभोक्ताओं को योजना की जानकारी दी जा रही है।

जिससे शिविरों में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने भाग लेकर अपने बकाया विद्युत बिलों का निराकरण कराया। विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को बताया जा रहा है कि योजना के अंतर्गत 50 प्रतिशत से 90 प्रतिशत तक सरचार्ज में छूट का प्रावधान है। एकमुश्त भुगतान करने पर अधिकतम लाभ मिल रहा है, वहीं किश्तों में भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध है।

इसके बावजूद यह देखा जा रहा है कि कुछ उपभोक्ताओं, विशेष रूप से बड़े बकायादारों द्वारा योजना का लाभ नहीं लिया जा रहा है एवं वे अपने बिजली बिल की बकाया राशि जमा नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में विभाग द्वारा सख्त कदम उठाते हुए बकायादार उपभोक्ताओं की विद्युत लाइन काटने की कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में अधीक्षण अभियंता, सिवनी के निर्देशन में अब रात्रि जांच अभियान (नाइट चेकिंग) भी शुरू किया गया है। विभागीय अधिकारियों द्वारा छपारा शहर में रात्रि में ऐसे उपभोक्ताओं के परिसरों की जांच की जा रही है, जिनकी लाइन काटी जा चुकी है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कहीं वे अवैध रूप से विद्युत का उपयोग (चोरी) तो नहीं कर रहे हैं। जांच के दौरान यदि किसी उपभोक्ता द्वारा चोरी से विद्युत उपयोग करते हुए पाया जाता है, तो उनके विरुद्ध विद्युत अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार के मामलों में जुर्माना एवं कानूनी कार्यवाही दोनों की जाएगी।

विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं से लगातार अपील की जा रही है कि वे मध्य प्रदेश शासन की इस जनहितैषी योजना का लाभ उठाएं और अपने बकाया विद्युत बिलों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करें। योजना की अंतिम तिथि 15 मई 2026 निर्धारित है, जिसके पूर्व भुगतान करने पर अधिकतम छूट का लाभ प्राप्त किया जा सकता है।

अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, जिससे न केवल उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिल सके, बल्कि विद्युत विभाग के लंबित राजस्व की वसूली भी सुनिश्चित हो सके।

# लखनादौन, धूमा, आदेगांव, कहानी में परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम से बनाई गई



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

लखनादौन विकासखंड की धूमा ग्राम में ब्राह्मण समाज द्वारा परशुराम जयंती के अवसर पर ग्राम धूमा में विशाल शोभा यात्रा निकल गई जो कि नगर की समस्त देवस्थानों में पूजन करते हुए नगर भ्रमण के साथ हनुमान मंदिर प्रांगण में एक सभा के रूप में परिणत हो गई इस अवसर पर परशुराम जयंती के अवसर पर भगवान पर परशुराम का पूजन हनुमान जी महाराज का पूजन के उपरांत ग्राम की प्रतिभावान ब्राह्मण छात्र-छात्राओं को ब्राह्मण समाज के प्रबुद्ध नागरिकों के द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए वहीं ब्राह्मण समाज की धूमा नगर एवं आसपास के सभी ग्रामीण क्षेत्र के ब्रह्म समाज की छात्र-छात्राओं ने संस्कृत कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जिसकी सराहना समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा की गई सभा के अंत में ब्राह्मण समाज द्वारा का सामूहिक भोजन का आयोजन किया गया।

# कलेक्टर श्रीमती मीना का आदिवासी बालिका छात्रावास का किया औचक निरीक्षण, छात्राओं से संवाद कर जानी व्यवस्थाओं की हकीकत

## लापरवाही पर अधीक्षिकाओं को नोटिस जारी, व्यववस्थाओं में सुधार के निर्देश

**जिले में छात्रावासों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने सोमवार को आदिवासी बालिका छात्रावास भैरोगंज का औचक निरीक्षण किया।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



उन्होंने छात्रावास की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए छात्राओं से सीधे संवाद किया और उनकी दिनचर्या, पढ़ाई, भोजन एवं अन्य सुविधाओं के बारे में फीडबैक लेकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती मीना ने भोजन की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए निर्धारित मेनू के अनुसार पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

गर्मी को ध्यान में रखते हुए वाटर कूलर की तत्काल मरम्मत कराने तथा मच्छरों से बचाव के लिए खिड़कियों में नई जालियां लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने साफ-सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर विशेष जोर देते हुए नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा।

कलेक्टर श्रीमती मीना ने छात्रावास में अधीक्षिका की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए स्पष्ट किया कि अनुशासन और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान पाई गई व्यवस्थागत कमियों एवं लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधीक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। छात्राओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर श्रीमती मीना ने नियमित हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का समय पर निराकरण हो सके। संवाद के दौरान उन्होंने छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित करने, नियमित अध्ययन करने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अभी से मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

इसके साथ ही उन्होंने छात्रावास में प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित उपयोगी पुस्तकें एवं प्रतिदिन समाचार पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, जिससे छात्राओं का सामान्य ज्ञान बढ़े। खेलकूद गतिविधियों एवं शैक्षणिक भ्रमण के आयोजन पर भी बल देते हुए उन्होंने छात्राओं के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त लालजी मीणा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## जल संसाधन परियोजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा

# निर्माणाधीन परियोजनाओं को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूरा कराने के निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना की अध्यक्षता में सोमवार को जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित वृहद, मध्यम एवं लघु सिंचाई परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए स्वीकृत एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह भी रेखांकित किया गया कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना और जल संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित करना है, जिससे आम नागरिकों को सीधा लाभ मिल सके। कलेक्टर श्रीमती मीना ने प्रस्तावित शेर परियोजना एवं बड़ा देव



परियोजना के अंतर्गत बनाए जाने वाले बांधों की प्रगति, भूमि अधिग्रहण की स्थिति, पर्यावरण स्वीकृति एवं डूब प्रभावित ग्रामों के हितग्राहियों को मुआवजा वितरण की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को संबंधित विभागों एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वय से शीघ्र दूर किया जाए और सभी कार्यों को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे नियमित रूप से फील्ड में जाकर कार्यों की निगरानी करें और प्रगति की सतत समीक्षा सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त पेंच परियोजना के अंतर्गत नहर निर्माण कार्यों, हर्रई एवं गुनगुच परियोजनाओं सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले में सिंचाई क्षमता बढ़ेगी, किसानों की आय में वृद्धि होगी और जल संकट की समस्या में भी कम आएगी, जिससे समग्र रूप से जिले के विकास को गति मिलेगी। बैठक जल संसाधन विभाग के सभी अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित थे।

# बंडोल में पानी की त्राहि-त्राहि मची

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

बंडोल। ग्राम पंचायत बंडोल में पानी की त्राहि त्राहि मची हुई ज्ञात रहे ग्राम पंचायत बंडोल में पिछले 30 40 वर्षों से एक बोर के द्वारा पूरे गांव में पानी की सप्लाई की जाती है

कई वर्षों से पूरे गांव में पाइपों का जाल बेचकर पानी दिया जा रहा था लेकिन बंडोल से कोहका मार्ग बनने के कारण पुलिस थाने से लेकर पुराने फॉरेस्ट ऑफिस तक की नल-जल पाइपलाइन को रोड के ठेकेदार के द्वारा तोड़ दिया गया था रोड बनने के बाद ठेकेदार के द्वारा पाइपलाइन को मरम्मत कर छोड़ दिया गया जिससे कहीं कहीं पाइपलाइन से पानी बह रहा है।

लगातार ग्राम वासियों ने सचिव से इसे सुधारने हेतु कहा तथा लिखित आवेदन भी दिया लेकिन सचिव के कान में जू तक नहीं रहेगी ऐसा लग रहा है टूटी-फूटी लाइन से पानी तो कम आ रहा है और गंदगी ज्यादा इस भीषण गर्मी की चलते बंडोल में पानी के लिए तरसना कोई उग्र आंदोलन का रूप ना ले ले ज्ञात रहे जल निगम बोर्ड के द्वारा भी बंडोल में पानी सप्लाई की जा रही है लेकिन वह पानी में गंदगी के अलावा कुछ नहीं आता 181 पर भी फोन लगाने के बाद जल निगम बोर्ड ने आज तक पानी साफ करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया लगता है जल निगम व सचिव इंदौर जैसा कांड बंडोल में करवाना चाह रहे हैं समय रहते पानी की समस्या का समाधान नहीं निकला तो कोई बहुत बड़ी आफत आ सकती है ग्राम वासियों ने कलेक्टर से गुहार लगाई है कि तत्काल प्रभाव से भीषण गर्मी के चलते पानी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करें जिससे समस्या का हाल हो सके।

### तनय साहू का सुयश



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** तनय साहू पिता योगेन्द्र साहू माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालगंज से 97 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण किया है सभी शिक्षकों एवं शुभचिंतकों और ईष्ट मित्रों ने बालक के उज्जवल भविष्य की कामना की भविष्य में ऐसे ही सफलता प्राप्त करें और गांव और सिवनी जिले का नाम रोशन करे।

# बरघाट मे परशुराम जयंती पर भव्य वाहन रैली निकाली

बरघाट.. विष्णु भगवान के छठवें अवतार ब्राह्मण समाज आराध्य भगवान परशुराम प्राकट्य उत्सव अक्षय तृतीया पर मुख्यालय बरघाट में भव्यता के साथ मनाया गया। नगर बरघाट मे ब्राह्मण समाज की भूमि जो की वार्ड नंबर 13 में स्थित भगवान परशुराम जी पुस्तकालय एवं वाटिका फरसा स्थल पर प्रातः 9 बजे से विधी विधान से भगवान परशुराम जी का पूजन ब्राह्मण समाज ब्लाक अध्यक्ष शिवशंकर शर्मा एवं सुषमा शर्मा के द्वारा किया गया एवं जय घोष के नारे लगाए गया फरसा स्थल पर 30 फिट ऊंचे फरसा के साथ भगवान परशुराम का ध्वज फहराया गया जिसके बाद भव्य वाहन रैली प्रारंभ की गई जो कि फरसा स्थल से



कबीर गार्डन के पास से कान्हीवाड़ा रोड़ से होते हुए बालाघाट रोड़ पहुंची जहां से सुभाष चौक पहुंची जहां पर पंकज ट्रेंड्स के सामने कांग्रेस प्रदेश महामंत्री विनोद वासनिक, पूर्व पार्षद नीरज सूर्यवंशी, समाजसेवी विपिन जैन, समाजसेवी अजातशत्रु वासनिक, सहित अन्य लोगों ने फूलों से स्वागत के साथ ठंडा, फल खिलाकर स्वागत किया जिसके बाद वाहन रैली स्टेट बैंक के सामने नगर पालिका के सामने पहुंची जहां पर नगर पालिका उपाध्यक्ष ममता पाठक, समाजसेवी ढालसिंह बिसेन, तहसीलदार पूजा राणा, सांसद प्रतिनिधि अनिल पाठक, पार्षद जिला ब्राह्मण समाज का भी आभार व्यक्त किया मंच संचालन अनिल पाठक ने किया।

## एक लाख रुपये का मशरुका बरामद

# बिजली तार चोरी करने वाले गिरोह को डूण्डासिवनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने हेतु तत्परता से कार्यवाही हेतू निर्देशित किया जाता रहा है साथ ही अपराधियो के विरुद्ध भी सख्ती से कार्यवाही हेतु प्रयत्नशील रहते है।**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्र एवं अनु. अधिकारी (पुलिस) सिवनी सचिन परते के मार्गदर्शन में उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है। दिनाँक 19/04/26 को सहायक अभियन्ता शशांक चौरसिया के द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि झील पिपरिया कण्डीपार रोड में 11 के. वी. विद्युत लाईन के 12 खम्बो में लगी बिजली तार को काटकर कोई अज्ञात बदमाश चुरा कर ले गये है व शासकीय खम्बो का नुकसान किये है कि रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान टीम बनाई गई। मुखबिर द्वारा सूचना गोपनीय सूचना मिली कि आशाराम



कुडोपा व जुम्मन यादव के द्वारा ऐसी घटना की जाती है सबब आशाराम कुडोपा व जुम्मन यादव से पूछताछ करने पर घटना स्वीकार किये व अपने साथी अशोक गोनगे की मोटर साईकिल से जाकर घटना कारित करना बताया साहू कबाड़ा के यहां लाकर चोरी का तार बेचना बताया जिसपर से चोरी का तार खरीदने वाले राजेन्द्र कुमार साहू से भी पूछताछ की गई जिसने चोरी का तार खरीदना स्वीकार किया। जिनसे विधिवत तार काटने में उपयोग झूला व कटर, परिवहन करने में मोटर साईकिल व चोरी गये एल्युमिनियम तार जार किया गया है व आरोपीगणो को अपराध क्रमांक 195/26 धारा 303(2), 324(2), 317 (2) बीएनएस, 3 (2) (क) सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसानी निवारण अधिनियम 2003, 136(1) (ग), 137 विद्युत अधिनियम में विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

आरोपी मे आशाराम पिता रघुलाल कुडोपा उम्र 26 साल निवासी हुलकी थाना बरगी जिला जबलपुर, जुम्मन पिता कामता यादव उम्र 26 साल निवासी मानकपुर थाना धूमा, अशोक पितां अर्जुनलाल गोनगे उम्र 25 साल निवासी बेलटोला चौकी बादलपार कुरई, राजेन्द्र कुमार पिता गंगाराम साहू उम्र 61 साल निवासी जनता नगर बायपास साहू कबाडा डोरली छतरपुर। जप्ती मे खम्बे में चढकर लंटकने वाला डाला, तार कटर, मोटर साईकिला, पांच बोरियों में एल्युमिनियम बिजली तार के बण्डला।

उक्त कार्यवाही निरीक्षक चैनसिंह उडके के नेतृत्व मे सउनि, संजय बघेल, प्र.आर. संजय यादव, आर. नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख, हिमेन्द्र सहारे, अंशुमनं राजपूत, मिथलेश सूर्यवंशी, रघुराज यादव, धनराज वरकडे, केसरीनंदन ऐडे, रामानंद चौरिया, अनुराग दुबे, म.आर. नीतू धुर्वे, द्रोपती डेहरिया।

# एकत्व महिला परिषद, सिवनी शाखा द्वारा अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**सिवनी।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद, सुंदरी संभाग के अंतर्गत एकत्व महिला परिषद, सिवनी शाखा द्वारा अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष श्रीमती मोली जैन जी के सानिध्य में नवीन कार्यकारिणी का गठन संपन्न हुआ। समारोह में अध्यक्ष पद पर श्रीमती स्वाति जैन, सचिव पद पर श्रीमती नीलम जैन तथा कोषाध्यक्ष पद पर श्रीमती पूर्वी जैन को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही द्वितीय चरण में प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी के रूप में श्रीमती अंजली जैन, प्रांतीय प्रभारी के रूप में श्रीमती नीलम जैन तथा प्रीति कौशल प्रांतीय चेयरपर्सन के रूप में श्रीमती अनीता जैन को दायित्व सौंपा गया।

कार्यक्रम में अन्य सदस्यों—श्रीमती सुधा जैन, श्रीमती सुनीता जैन वैसाखिया, सीमा, अभिलाषा, सुनीता, नीलम, पारुल, अलका, रोशनी एवं भावना जैन सुनीता जैन अभिभाषा जैन ऋतु ,जैन रुचि जैन सुरभि ज्योति ,मोनिका चौधरी, रानू जैन सहित सभी ने निष्ठापूर्वक शपथ ग्रहण की।

समारोह के अंतिम चरण में सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए जनसंपर्क प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती अंजलि विजय जैन की ओर से सेबच्चों को स्टेशनरी सामग्री एवं पुरस्कार वितरित किए गए। साथ ही ई-स्टडी हेतु स्केल, पेंसिल, रबर प्रदान किए गए तथा पक्षियों के लिए सकोरे भी वितरित किए गए, जिसकी व्यवस्था जनसंपर्क अधिकारी श्रीमती अंजली जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम ने समाज सेवा, शिक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ एक प्रेरणादायी समापन प्राप्त किया।

### 2 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद, 10 मोबाइल फोन जब्त

## गांजा तस्करों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 6 को दबोचा, मुख्य आरोपी फरार

**एक बाइक, एक पिकअप वाहन, 10 मोबाइल फोन और लगभग 2 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद किया**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट पुलिस ने सोमवार को गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा करते हुए 6 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई 5 अप्रैल को 21 किलो गांजा के साथ पकड़े गए तीन आरोपियों से पूछताछ के बाद की गई। इस नेटवर्क का फैलाव मध्य प्रदेश सहित ओडिशा, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, राजस्थान और गुजरात तक है।

मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने 25 हजार किलोमीटर के दायरे में तलाशी अभियान चलाया। टीम ने बालाघाट, ओडिशा और राजस्थान के उदयपुर से इन छह आरोपियों को पकड़ा। उनके पास से एक बाइक, एक पिकअप वाहन, 10 मोबाइल फोन और लगभग 2 किलो 140 ग्राम गांजा बरामद किया गया है।

हालांकि, इस पूरे नेटवर्क का मुख्य सरगना अभी भी फरार है। पुलिस ने दावा किया है कि मुख्य आरोपी को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एसआईटी प्रमुख डीएसपी बिंदुसार सिंह ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ जारी है। इस दौरान नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और उनकी संपत्तियों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में सबसे पहले 5 अप्रैल को तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

इनमें ओडिशा के थाना कोडाला निवासी मिकेन्द्र उर्फ मुकेश देव (28), थाना मानामुंडा के नांदिया नागेर निवासी दिलीप सुना (32) और बालाघाट के भटेरा निवासी मुन्ना बर्वे (54) शामिल थे।

इनसे पूछताछ के आधार पर छह अन्य आरोपियों को पकड़ा गया है। इनमें बालाघाट के कटंगी थाना अंतर्गत सेलवा निवासी राज उर्फ आशुतोष पारधी (38), ओडिशा से विजय उर्फ विजया नाईक (30), कैलाशचंद्र खमारी (38), बुल्ला उर्फ बबलू उर्फ वीरभद्र समन्तरा (25), जग्गा उर्फ जगदीश पाडुआ (38) और राजस्थान के उदयपुर से तेजशंकर पाटीदार (37) शामिल हैं।

### भक्ति गीतों पर थिरकी महिलाएं, झांकियां और अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहे

## भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





बालाघाट में 19 अप्रैल को भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा शाम 7 बजे नए श्रीराम मंदिर से शुरू हुई और नगर के हनुमान चौक, नया सराफा, सुभाष चौक, महावीर चौक, काली पुतली चौक होते हुए आंबेडकर चौक से पुनः नए राममंदिर पर समाप्त हुई।

अक्षय तृतीया पर्व पर भगवान परशुराम जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सुबह ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने भगवान परशुराम का पूजन किया, जिसके बाद देर शाम शोभायात्रा निकाली गई।

ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली गई इस शोभायात्रा में भगवान परशुराम, राम दरबार और शिव-पार्वती की झांकियां शामिल थीं। महिलाओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य किया, वहीं युवाओं ने ढोल की थाप पर अखाड़े का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा के दौरान भगवान परशुराम के जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, अक्षय तृतीया के दिन त्रेतायुग का आरंभ हुआ था और इसी दिन भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम जी का जन्म हुआ था। इस शोभायात्रा में मुख्यालय सहित जिले भर से ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

### सर्पदंश से बुजुर्ग की मौत

**बालाघाट**। बालाघाट जिले के ग्राम चंद्रपुरी में रविवार शाम सर्पदंश से एक 71 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। रमेश गोस्वामी शौच के लिए खेत की ओर गए थे, तभी जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात उनकी हो गई। सोमवार को पीएम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।मृतक रमेश पिता पुरनगिरी गोस्वामी खेती-मजदूरी का काम करते थे। रविवार शाम जब वे खुले में शौच के लिए गए थे, तब एक जहरीले सांप ने उनके पैर में काट लिया। रमेश ने घर लौटकर परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद उन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया।डॉक्टरों ने तत्काल इलाज शुरू किया, लेकिन जहर फैलने के कारण रात करीब 12 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया।सोमवार सुबह डॉक्टर की तहरीर मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। परिजनों की उपस्थिति में शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, प्राथमिक तौर पर मामला सर्पदंश का है। मर्ग डायरी लालबर्रा थाना भेजी जा रही है, जहां से मामले की विस्तृत जांच की जाएगी।

## बालाघाट जिले में समाधान योजना के अंतर्गत बकाया वसूली विशेष अभियान प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





विद्युत वितरण कंपनी लि. के मुख्य अभियंता जबलपुर क्षेत्र के मार्गदर्शन में अधीक्षण अभियंता वृत बालाघाट अमित कुमार के निर्देशन में जिले में समाधान योजना के अंतर्गत बकाया विद्युत देयों की वसूली हेतु एक सघन एवं लक्ष्य आधारित विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करते हुए लंबित बकाया की शीघ्र वसूली सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यपालन अभियंता श्री रवि कुमार कुम्हरे ने जानकारी देते हुए बताया कि

"यह विशेष अभियान न केवल राजस्व वसूली को गति देगा, बल्कि उपभोक्ताओं को समाधान योजना के माध्यम से राहत प्रदान कर उन्हें नियमित भुगतान प्रेरित करेगा।"

इस अभियान के अंतर्गत जिले के प्रत्येक वितरण केंद्र में न्यूनतम पांच विशेष टीमें गठित की गई हैं, जिन्हें प्रतिदिन कम से कम 25 कनेक्शनों पर संपर्क कर वसूली की कार्यवाही करने का स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वितरण केंद्र प्रभारी स्वयं बड़े बकायादार उपभोक्ताओं से निरंतर संवाद स्थापित कर वसूली कार्य को गति देंगे।

कार्यपालन अभियंता इस अभियान के प्रमुख प्रभारी के रूप में कार्य करते हुए इसकी सतत एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करेंगे। प्रत्येक टीम को उपभोक्ताओं की सूची उपलब्ध कराई गई है तथा फील्ड स्तर पर प्रगति की दिन में कम से कम तीन बार समीक्षा की जा रही है। उत्पन्न होने वाली किसी भी समस्या का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

सहायक अभियंताओं को निर्देशित किया गया है कि वे बकायादार उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें, जिसमें कनेक्शन विच्छेदन, तालाबंदी एवं अन्य वैधानिक कार्रवाई सम्मिलित है।

अभियान की नियमित समीक्षा प्रत्येक दूसरे दिन अधीक्षण अभियंता द्वारा तथा प्रत्येक पांचवें दिन मुख्य अभियंता द्वारा की जाएगी। जिन अधिकारियों/कर्मचारियों की प्रगति संतोषजनक नहीं पाई जाएगी, उनके विरुद्ध सख्त प्रशासनिक कार्यवाही भी की जाएगी। इसमें विशेष रूप से, प्रत्येक वितरण केंद्र में रात्रिकालीन दो विशेष शिविर आयोजित किए जा जाएंगे शिविरों के पूर्व संबंधित क्षेत्रों में व्यापक मुनादी कराकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा ताकि अधिकाधिक उपभोक्ता समाधान योजना का लाभ प्राप्त कर सकें। वही सभी टीमों को निर्देशित किया गया है कि वे अपनी दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रतिदिन शाम 6 बजे तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। विद्युत वितरण कंपनी, बालाघाट द्वारा समस्त उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे समाधान योजना का अधिकतम लाभ उठाते हुए अपने बकाया विद्युत बिलों का शीघ्र भुगतान करें एवं संभावित वैधानिक कार्यवाही से बचें।

## सी-पैप और वेंटिलेटर की मदद से नवजात को मिली नई जिंदगी

**जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू में चिकित्सकों की टीम ने किया सराहनीय कार्य**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट जिला चिकित्सालय के एसएनसीयू (Special Newborn Care Unit) में एक बार फिर चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की तत्परता और समर्पण ने एक नवजात शिशु को नई जिंदगी दी। आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और सतत निगरानी के चलते गंभीर स्थिति में भर्ती नवजात को पूरी तरह स्वस्थ कर सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया।

ग्राम मोहगांव, तहसील उगली (केवलारी), जिला सिवनी निवासी दीपिका, पति प्रदीप पंचेश्वर ने दिनांक 31 मार्च 2026 को रात 8:48 बजे बालाघाट स्थित धुर्वे नर्सिंग होम में सिजेरियन प्रसव के माध्यम से एक बालिका को जन्म दिया। जन्म के समय शिशु का वजन 3 किलोग्राम था, लेकिन जन्म के तुरंत बाद उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी।

स्थिति को देखते हुए उसी रात 9:30 बजे नवजात को जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया। प्रारंभिक जांच में शिशु की हालत गंभीर पाई गई। चिकित्सकों ने तत्काल सी-पैप (C-PAP) मशीन के माध्यम से उपचार शुरू किया और लगातार 4 दिनों तक शिशु को इस पर रखा गया। हालांकि अपेक्षित सुधार नहीं होने पर विशेषज्ञ टीम ने निर्णय लेते हुए शिशु को वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा।

वेंटिलेटर पर मात्र एक दिन के उपचार के बाद ही शिशु की स्थिति में सकारात्मक सुधार दिखने लगा। इसके बाद अगले चार दिनों तक ऑक्सीजन सपोर्ट और आवश्यक एंटीबायोटिक दवाइयों के जरिए इलाज जारी रखा गया। धीरे-धीरे शिशु की स्थिति सामान्य होने लगी और उसे मां का दूध भी दिया जाने लगा।

लगभग 11 दिनों तक सतत निगरानी और उपचार के बाद, 10 अप्रैल 2026 को शिशु को पूर्णतः स्वस्थ घोषित करते हुए 3 किलोग्राम वजन के साथ सफलतापूर्वक डिस्चार्ज किया गया। इस सफलता पर परिजनों ने एसएनसीयू के डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ का आभार व्यक्त किया। डिस्चार्ज के समय माता-पिता के चेहरे पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था।

जिला चिकित्सालय बालाघाट के एसएनसीयू वार्ड की यह उपलब्धि न केवल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को दर्शाती है, बल्कि यह भी साबित करती है कि समर्पण, आधुनिक तकनीक और टीमवर्क से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है।

## महर्षि विद्या मंदिर में सहर्ष शीर्षा पुरुष मंडल का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।





महर्षि विद्या मंदिर, बालाघाट में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर महर्षि विश्व शांति आंदोलन के अंतर्गत सहर्ष शीर्षा पुरुष मंडल का स्थापना दिवस अत्यंत गरिमामय ढंग से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम न केवल एक औपचारिक आयोजन था, बल्कि आध्यात्मिक जागरूकता, सामूहिक चेतना और विश्व शांति के संकल्प का जीवंत उदाहरण भी बना।कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुपरंपरा के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए किया गया। इस अवसर पर महर्षि महेश योगी जी एवं मां सरस्वती के छायाचित्रों पर सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया, वरिष्ठ शिक्षक श्री संदीप तोमर एवं श्री नीरज तिवारी द्वारा माल्यार्पण कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। इसके पश्चात पारंपरिक विधि से गुरुपूजन सम्पन्न हुआ, जिसमें उपस्थित सभी जनों ने श्रद्धा और भक्ति के साथ सहभागिता की।इसके बाद कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सामूहिक भावातीत ध्यान रहा, जिसमें सभी प्रतिभागियों भावातीत ध्यान शिक्षक मनोज ज्योतिषी एवं सुनिता तिवारी के मार्गदर्शन में एक साथ भावातीत ध्यान का अभ्यास किया। भावातीत ध्यान के दौरान वातावरण अत्यंत शांत, सकारात्मक एवं ऊर्जावान हो गया, जिससे उपस्थित जनों को गहन मानसिक शांति एवं आत्मिक संतुलन का अनुभव हुआ। यह अभ्यास महर्षि जी के उस सिद्धांत को साकार करता हुआ प्रतीत हुआ, जिसमें व्यक्तिगत शांति से वैश्विक शांति की ओर बढ़ने का मार्ग बताया गया है।इस पावन अवसर पर वैदिक परंपरा के अनुरूप विशेष पूजन का आयोजन भी किया गया। वैदिक पंडित श्री महेश द्विवेदी जी द्वारा विधिवत कलश पूजन कर मंत्रोच्चार किया गया। वैदिक मंत्रों की पवित्र ध्वनि से संपूर्ण परिसर गूंज उठा और वातावरण में दिव्यता का संचार हुआ। इस दौरान समस्त उपस्थित जनों ने मानव कल्याण, समाज की समृद्धि एवं विश्व शांति के लिए सामूहिक संकल्प लिया, जो कार्यक्रम का एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक क्षण रहा।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री नीरज तिवारी ने सहर्ष शीर्षा पुरुष मंडल के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने मंडल के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि यह मंच पुरुषों को आध्यात्मिक उन्नति एवं सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मंडल का मुख्य उद्देश्य महर्षि विश्व शांति आंदोलन के लक्ष्यों को जन-जन तक पहुँचाना तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। साथ ही, उन्होंने महर्षि महेश योगी जी के 'धरती पर स्वर्ग' के दिव्य संकल्प को साकार करने की दिशा में सभी से सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन न केवल आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करते हैं, बल्कि समाज को एक नई दिशा भी प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी के जीवन में अक्षय सुख, समृद्धि एवं शांति की मंगलकामनाएं भी व्यक्त कीं।इस आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी के संयुक्त प्रयासों से यह कार्यक्रम सफल, प्रेरणादायक एवं यादगार बन गया। अंततः यह आयोजन एक सकारात्मक संदेश देकर समाप्त हुआ कि जब व्यक्ति स्वयं के भीतर शांति स्थापित करता है, तभी वह विश्व में शांति स्थापित करने में योगदान दे सकता है।

### न्यायालय के समक्ष पेश कर पूछताछ के लिए ली गई रिमांड

## जमीनों के नाम ठगी करने वाले दो भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



'पाप का घड़ा एक दिन फुटता ही है' यह महज एक कहावत नहीं है बल्कि कड़वी सच्चाई है और आज यह कहावत फिर एक बार सहीं साबित हुई है। दरअसल, लंबे समय से जमीन की खरीदी-ब्रिकी करने वाले दो भाईयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बालाघाट जिले की कटंगी पुलिस ने जमीनों के नाम पर दर्जनों लोगों से ठगी करने वाले दो सगे भाई मोहित और दीपक श्रीवास को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन दोनों भाईयों ने मिलकर एक ही जमीन को चार लोगों को दिखाकर उनसे खरीदी-ब्रिकी का सौदा कर लाखों रुपये वसूल किए है। शिकायत मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की और सबूतों के आधार पर दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने रविवार-सोमवार की दरम्यिनी रात्रि करीब डेढ़ बजे उस वक्त आरोपियों को उनके घर से गिरफ्तार किया जब दोनों भाई एसी की ठंडी हवा में आराम से गहरी नींद में सोए हुए थे। जमीनों के नाम पर ठगी करने वाले दो भाइयों की गिरफ्तारी ने पूरे इलाके में हलचल मचा दी है। इन दो भाईयों के द्वारा ठगे गए लोगों को जैसे ही उनकी गिरफ्तारी की खबर मिली वह खुशी से झूम उठे और उन्हें देखने के लिए थाने पहुंचने लगें। दरअसल, लंबे समय से पीड़ति इन दोनों ही भाईयों की शिकायत कर पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सोमवार को पुलिस ने दोनों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया और पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318 (4), 336 (3), 338, 3 (5) की कार्रवाई की है।

एसडीओपी विवेक कुमार शर्मा ने आरोपियों की गिरफ्तारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों ने प्रार्थी संदीप बोपचे निवासी कालीमाठी, रहीम कुरैशी, आयशा खान और परवेज खान तीनों निवासी कटंगी को प.ह.न. 27 खसरा नंबर 179/6/1 की जमीन दिखाकर खरीदी-ब्रिकी का सौदा किया। जबकि यह जमीन आरोपियों के नाम नहीं थी। पुलिस ने जब नगर परिषद और एसडीएम कार्यालय से जानकारी ली तो पता चला कि खसरा नंबर पर कोई कॉलोनी की अनुमति नहीं है और ना ही जमीन आरोपियों के नाम है। एसडीओपी ने बताया कि इन दोनों भाईयों के खिलाफ और भी लोगों ने शिकायती आवेदन दिया है जिनकी विस्तृत जांच जारी है। बता दें कि इन दोनों भाईयों ने ना केवल शहर और गांव के भोले-भाले लोगों को अपनी जाल में फंसाया बल्कि कई नौकरीपेशा लोग भी इनका शिकार हुए है लेकिन लोक लाज की वजह से वह कभी सामने आकर शिकायत नहीं करवा पाए। आम लोग जो इनसे ठगी का शिकार हुए वह करीब ढाई वर्षो से इनकी पुलिस में शिकायत करते हुए आ रहे है किंतु पुलिस ने पहली बार शिकायत पर जांच करते हुए आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबृद्ध किया है।

गौरतलब हो कि पीड़तिों के द्वारा कटंगी थाने में एक नहीं बल्कि कई बार दोनों भाईयों की लिखित शिकायत की गई। पीड़तिों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी शिकायत की किंतु पुलिस ने इन शिकायतों को कभी गंभीरता से नहीं लिया। ऐसे में पीड़तिों ने आए दिन सीएम हेल्पलाईन में शिकायत कर पुलिस की कार्यशैली पर ही सवाल खड़े कर दिए। आखिरकार जब सीएम हेल्पलाइन में रैंकिग गिरने और वरिष्ट अधिकारियों से फटकार मिलने लगी तो पुलिस ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए जांच शुरू की और पुलिस चाहकर भी आरोपियों को नहीं बचा पाई। पुलिस ने मजबूरी में ना सहीं परंतु पीड़तिों की दो वर्षो की लंबे लड़ाई के बाद आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबृद्ध किया आज जब दोनों ही आरोपियों को पुलिस न्यायालय के समक्ष पेश कर रही थी तो वह अपना मुंह छुपाते हुए नजर आ रहे थे। बताना जरूरी है कि कई लोगों ने अपने जीवन भर की पूंजी इन दोनों भाईयों के चक्कर में गंवा दी हैं जो अब वापस मिलने की उम्मीद भी नहीं है लेकिन आज जब पुलिस ने इन दोनों भाईयों को हथकड़ी पहना दी तो पीड़तिों को संतोष मिला और उनका कानून पर विश्वास स्थापित होते हुए दिखाई दिया। असल में लोगों ने स्वयं की जमीन पर पक्की छत का सपना देखते हुए इन दो भाईयों से जमीनों का सौदा किया था लेकिन जब जमीन की रजिस्ट्री की बात आई तो पता चलता कि ना पैसा देने के बाद ना जमीन उनकी है और ना ही पैसा उन्हें वापस मिलेगा। खैर, पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है और पुछताछ के लिए रिमांड ली है इन दो भाईयों ने करीब डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक की राशि जमीनों की खरीदी-ब्रिकी के फर्जी सौदे से अर्जित की है।